


नवभारत

इंदौर, सोमवार, 16 मार्च 2026




## एक नजर में

### मंदसौर सीए शाखा में 'फाग महोत्सव' का आयोजन, हास्य और फूलों की होली से सजा कार्यक्रम



**मंदसौर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की मंदसौर शाखा द्वारा आनंद मंगल मांगलिक भवन में रंगारंग फाग महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सीए सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा के अध्यक्ष सीए विनय अग्रवाल के उद्घाटन संबोधन से हुआ। उन्होंने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आपसी सौहार्द और पारिवारिक वातावरण को मजबूत करने का माध्यम होते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध हास्य कवि अजय सोनी (मुन्ना बैटरी) की प्रस्तुति रही। वे देश के जाने-माने हास्य कवि हैं और कई राष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी प्रस्तुतियां दे चुके हैं। उन्होंने अपनी हास्य और व्यंग्य से भरपूर कविताओं से उपस्थित सभी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इस दौरान पारंपरिक फूलों की होली भी खेली गई, जिसमें सभी सदस्यों ने फूलों की पंखुड़ियों के साथ हर्षोल्लास से भाग लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष सीए विनय अग्रवाल, सचिव सीए अर्पित मेहता, उपाध्यक्ष सीए नितेश भदादा, सहित सीए अर्पित नागर, सीए सिद्धार्थ अग्रवाल, सीए राजेश मंडवारिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुशील जसवानी ने किया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन शाखा के सचिव सीए अर्पित मेहता द्वारा किया गया।

### 26 वी यूथ राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए अभिषेक सेठिया वॉलीबॉल कोच नियुक्त

**मन्दसौर।** 26 वी यूथ राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए मंदसौर नगर में वॉलीबॉल कोचिंग देने वाले खेल प्रशिक्षक अभिषेक सेठिया को मध्यप्रदेश बालिका टीम मुख्य कोच का हिस्सा बनाया है मध्यप्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव एवं वॉलीबॉल फेडरेशन ऑ? इंडिया के कोषाध्यक्ष हरि सिंह चौहान के द्वारा नियुक्त किया गया है वॉलीबॉल फेडरेशन ऑ? इंडिया के द्वारा 26 वी यूथ राष्ट्रीय बालक/ बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता दिनांक 15 से 20 मार्च 2026 तक भुवनेश्वर उ?ीसा में आयोजित की जाएगी, इस अवसर पर वॉलीबॉल एसोसिएशन के संरक्षक अनिल कियावत एवं अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंदसौर के खेल अधिकारी विजेंद्र देव?ा, पी.जी. कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, पी.जी कॉलेज दलौदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज्जाक, शासकीय कन्या कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी मनीष पांचाल एवं मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सदस्यगण विनय दुबेला, संदीप खाबियॉ, शेर मोहम्मद खान, सज्जन श्रीमाल, रोहित शर्मा, अनिल पाटीदार, रउफ खान, रितेश पोरवाल, अनिल पाटीदार, मिलिंद सांखला, रंजन छाब?ा, राजेंद्र सिंह,अक्षय नलवाया, अभिषेक यादव, पंकज मालवीय, आशीष रेठा,चयन माली, आस्था भावसार, विनय अग्रवाल, संयम चौहान, एंब्रोम्ज वॉल्टर, चंदन शर्मा, नारायण सिंह,कविता मेघवाल, आकृति जैन, नेहा सालवी, दिव्यांशी गुप्ता, जानवी हाडा, नमन शर्मा, साक्षी ग्वाला, मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव त्रिभुवन कविश्वर ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मालवा जन आक्रोश यात्रा जत्था पिपलिया मंडी पहुंचा

▶ 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में मजदूर किसान रैली



**मंदसौर।** अमेरिका द्वारा थोंपे गये खाड़ी युद्ध का बोझ भारत की जनता क्यों उठाये? लेबर कोड नहीं चलेगा, बिजली और बीज बिल वापस लो, जल जंगल जमीन से आदिवासियों की बेदखली बंद करो, भारत अमेरिका डील रद्द करो, सीसीआई नयागांव सरकारी क्षेत्र में चालू करो के जोशपूर्ण नारों के साथ जनविरोधी पूंजी परस्त नीतियों के खिलाफ 24 मार्च को दिल्ली चलो, के नारों के बीच भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का मालवा जन आक्रोश यात्रा जत्था 9 मार्च को इंदौर से चलकर 13 तारीख शाम पिपलिया मंडी मंदसौर पहुंचा।

केंद्र सरकार द्वारा 44 श्रम कानून को समाप्त कर श्रम-सहन का लागू करने, मनरेगा कानून को बदल उसमें रोजगार गारंटी को समाप्त करने, स्मार्ट मीटर व बिजली के निजीकरण, किसान की फसल से तैयार बीज को अनुपयोगी बना बीज अधिनियम के जरिये बहुराष्ट्रीय कंपनियों से बीज खरीदने की बाध्यता थोपने, श्रमिक हितों को नकार कर नियोक्ताओं के हित में बनी श्रम संहिताओं के विरोध में निकले प्रदेशव्यापी जन आक्रोश जत्थे, जो 24 मार्च को नई दिल्ली के रामलीला मैदान पर आयोजित होने वाली रैली तक जारी रहेंगे, और जनता के बीच जनजागरण करते हुए आमजन के मुद्दे मुखरित करने की कड़ी में मंदसौर होते हुए पिपलिया मंडी पहुंचे। इस जत्थे का नेतृत्व सीपीएम के वरिष्ठ राज्य कमेटी सदस्य कैलाश लिंबोदिया, राम त्यागी, सीएल सरावत और भागीरथ कछवाय कर रहे थे।

जत्थे के समर्थन में पिपलिया मंडी गायत्री शक्तिपीठ के समीप संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यालय में उपस्थित साथियों को सम्बोधित करते हुए कैलाश लिंबोदिया ने कहा कि आज आदिवासी समुदाय के हक और अधिकार जल जंगल जमीन को बीजेपी की डबल इंजन सरकार ने अडानी, अंबानी जैसे बड़े पूंजीपति वर्ग के हाथों में दे दिया है। आज आदिवासी और अन्य मजदूर समुदाय के लिए रोजगार का जो एकमात्र जरिया था मनरेगा, उसको भी समाप्त कर दिया है। जन मुद्दों को तरजीह न देकर केवल पूंजीपतियों के हितों में फैसले करने की सत्ताधारी दल की नीतियों का भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) विरोध करती है। वह सतत तौर पर जनता के बीच जाकर उनके मुद्दे उठाती है। उनके समाधान के लिए जनता को साथ लेकर संघर्ष करते है। पिछले 12 वर्ष से देश में अरबपतियों की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा बढ़ी है। क्या यही विकास है।

कामरेड कैलाश ने आगे कहा कि संसाधनों पर हमारा हिस्सा कम हो रहा है और अमीरों का बढ़ रहा है। आज हमें सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ संघर्ष करना होगा। बीजेपी सरकार किसान मजदूर वर्ग के हितों की अनदेखी कर नए नए बिल पारित कर रही है। सीपीएम के पूरे मध्य प्रदेश में चले संघर्ष जत्था में किसान, मजदूर, छात्रों और नौजवानों ने बढ़ चढ़कर भाग ले रहे है। उन्होंने आमजन से 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली विशाल आमसभा में सम्मिलित होने के लिए आह्वान किया।

सभा को संबोधित करते हुए कचरूलाल शेरावत ने कहा कि बीजेपी - संघ की डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में लगातार सांप्रदायिक वैमनस्य स बढ़ा है। इसके खिलाफ हमें लड़ाई लड़नी होगी। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध पर भारत सरकार की तटस्थता चिंताजनक है और इसका खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष बंसी लाल जी पाटीदार ने कहा कि सरकार किसानों को समर्थन मूल्य नहीं दे रही है भावांतर योजना में भी कई खामियां हैं उसके साथ ही समय पर खाद और बिजली भी उपलब्ध नहीं कराई जाती है अमेरिका शेड्यूल होने पर देश के किसानों पर भयानक आपदा आएगी हमारे यहां के किसान अमेरिका से आयात होने वाले 0त्न टैरिफ के फसलों के सामने अपने उत्पाद कैसे भेज पाएंगे सरकार की अनीति किसानों को बर्बाद करने वाली नीति है इसका मुकाबला करना अत्यंत आवश्यक है।



## नूतन स्टेडियम में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित

**मन्दसौर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा मेरा भारत युवा केंद्र के अंतर्गत मंदसौर जिला स्तरीय प्रतियोगिता नूतन स्टेडियम मंदसौर में आयोजित की गई, प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में युवा मोर्चा जिला महामंत्री बंटी चौहान एवं सांसद प्रतिनिधि बंसीलाल राठौ? एवं सरपंच जगदीश परमार उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत एंब्रोम्ज वॉल्टर, बद्रीलाल चौहान, हेमंत सेन, लक्की गौ?, अर्जुन मौर्या चयन माली आदि ने किया।

खिलाड़ियों ने इस दौरान बालक- बालिका वर्ग में कबड्?ी, रस्साकस्सी, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड और गोला फेंक प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर के रूप में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता हिम्मत डांगी, सांसद प्रतिनिधि श्री बंसीलाल राठौर, सामाजिक कार्यकर्ता अर्चना पाठक आदि उपस्थित थे अतिथियों की स्वागत के पश्चात खिलाड़ियों को विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी व मेडल से सम्मानित किया गया।

**एक नजर** ▶ शिवना शुद्धिकरण अभियान के परिणाम उत्साहजनक

## शिवना शुद्धिकरण अभियान के 95वे दिन श्रमदानियों ने नदी से एक ट्रॉली कचरा निकाला



**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान के 95वें दिन श्रमदानियों ने पूरे उत्साह के साथ श्रमदान किया। सभी ने मिलकर करीब दो घंटे तक लगातार मेहनत करते हुए नदी और उसके आसपास सफाई कर पानी से प्लास्टिक की थैलिया, अपशिष्ट निकाला गया।

वही श्रमदानियों ने नदी किनारे गाजर घास उखाड़ कर साफ सफाई की गई क्योंकि यह घास तेजी से फैलकर नदी के किनारों के प्राकृतिक सौंदर्य को खराब कर रही थी। इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक श्री विपिन जैन ने श्रमदान करने आए समाजसेवियों, युवाओं को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि शिवना नदी मंदसौर की जीवनरेखा और पहचान है इसे साफ और स्वच्छ रखने के लिए सतत प्रयास आवश्यक हैं। श्री जेन ने आगे बताया कि अब तक अभियान के परिणाम उत्साहजनक हैं और आने वाले दिनों में कार्य को और गति दी जाएगी।

श्री जैन ने सभी मंदसौर वासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रति रविवार को प्रात: 7=30 से 9=30 बजे के बीच श्रमदान करने जरूर पधारे। रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 95वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री रमेश सोनी, हेमराज खाबिया, भंवरलाल प्रजापत, राकेश जैन पिंटू, विजय आनंद अभिषेक तिवारी, बालकृष्ण दवे, अजीत अरोरा, पंकज जैन, रामनारायण मालवीय, सत्यनारायण, गोबर्धन सिंह सोलंकी, नमन पालीवाल, गांव गुराडिया देदा से अखिलेश शर्मा, महिला नेत्रीयों में इष्टा भाचावत, रफत पयामी, राखी सत्रावाला, अनीता भदोरिया, प्रमिला पंवार, नम्रता सत्रावाला, वर्षा धोसरिया, योगिता बैरागी, दीपाली पोरवाल, शैली पोरवाल कांग्रेसजन मे सर्वश्री राजनारायण ला?, विकास दशोरा, प्रीतम पंचोली, सुनील बसेर, विपिन बंसल, मनोज जैन,रमेश ब्रिजवानी, अजय मारू, संजय नाहर, रमेश सिंगार, अजय सोनी, मनोहर नाहटा, विश्वास दुबे, राजेश फरक्या, राहुल तिवारी, हिम्मत पोखरना, महेश गुप्ता, सादिक गौरी, अकरम खान, आमीन खान, राकेश सेन, राजेश चौधरी, नितनेश बसेर, ऋषिराज लाड़, प्रिंस सत्रावाल, गोपाल बंजारा आदि श्रमदान में उपस्थित रहे।



## एक नजर में

### इनर व्हील डायमंड ने व्हीलचेयर भेंट कर किया सेवा प्रकल्प




**नीमच।** समाज सेवा के अपने निरंतर प्रयासों के अंतर्गत इनर व्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा एक सराहनीय सेवा प्रकल्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद बालिका को व्हीलचेयर भेंट कर सेवा और संवेदना का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया गया। क्लब अध्यक्ष पूजा गर्ग ने बताया कि यह व्हीलचेयर सुशीला जी पगारिया द्वारा अपनी वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर, क्लब के सहयोग से भेंट की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं और जरूरतमंदों को सहारा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में क्लब सचिव पायल गुर्जर, कोषाध्यक्ष दिव्या जैन, पलक खंडेलवाल,लक्ष्मी शर्मा,निकिता पगारिया, डिंपल चांदना सहित अन्य क्लब सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई तथा भविष्य में भी ऐसे सेवा प्रकल्प निरंतर करने का संकल्प लिया। इनर व्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा पगारिया परिवार का आभार व्यक्त किया गया।

### जिला वरिष्ठ नागरिक महासंघ एवं योग परिवार का होली मिलन समारोह कल

**नीमच।** जिला वरिष्ठ नागरिक महासंघ एवं योगपरिवार गायत्री शक्तिपीठ का होली मिलन समारोह 17 मार्च 2026 को प्रात:कालीन योग क्लास के पश्चात् गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित किया गया है। इस अवसर पर होली की पेरोड़ी, मधुर संगीत एवं ढोल नगाडो के साथ भव्य रूप से मनाए जाने का सकंल्प दोनों संस्थाओं ने पारित किया गया। अन्ताक्षरी,हाऊजी एवं मनोरजंक कार्यक्रमों के साथ पर्यावरण- प्रदूषण पर विचार गोष्ठी एवं बड़ती वैश्विक समस्याओं पर विचार मंथन किया जावेगा। उपरोक्त जानकारी जिला वरिष्ठ नागरिक महासंघ अध्यक्ष डॉ.बाबूलाल मेहता एडवोकेट योगगुरू रवि पोरवाल द्वारा दी गई।

### यातायात व्यवस्था बेपटरी पर, हाईवे पर लोडिंग-अनलोडिंग का चल रहा खेल



**नीमच।** शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह से बेपटरी हो चुकी है जहां मन किया लोग वाहन खड़ा कर देते हैं जिससे जाम जैसे हालत निर्मित होते हैं। महू-नसीराबाद मार्ग पर जहां सुबह लेकर देर रात तक काफी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। इस मार्ग पर उत्तम मोटर्स संचालक द्वारा हाईवे के नजदीक ही लोडर ट्रकों से बाइक उतारने का काम नियमों को नजर अंदाज कर किया जा रहा था। इतना ही नहीं ट्रक से बाइक उतारक हाईवे के किनारे ही पार्किंग की जा रही थी। जिससे आवागमन बाधित होने के साथ ही हादसे और दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसी तरह शहर में इस कई क्षेत्रों में शहर मुख्य मार्गो के बीचों बीच बेतरतिब तरीके से वाहन खडे कर माल की लोडिंग अनलोडिंग का खेल चल रहा है। गौरतलब हो कि वीरपार्क रोड, रेलवे स्टेशन मार्ग, टैगोर मार्ग, सब्जी मंडी में आए दिन इस तरह के नजारे देखने को मिल जाते है।



# बंद प्लांट की लाखों की मशीनरी खाक, आसमान में छाया काला धुएं का गुबार

▶ फ्रूट कोल्ड स्टोरेज प्लांट में भीषण आग

**नीमच।** झाझंरवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में रविवार दोपहर एक फ्रूट कोल्ड स्टोरेज प्लांट में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि इसकी लपटें और काले धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से ही साफ नजर आ रहा था। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और मोर्चा संभाला। चश्मदीदों ने बताया कि आग बहुत तेजी से फैली, जिससे पूरा प्लांट आग के गोले में तब्दील हो गया। इंडस्ट्रियल एरिया में आग की खबर फैलते ही अफरा-तफरी मच गई और आसपास की फैक्ट्रियों में काम कर रहे लोग डर के मारे बाहर निकल आए। दमकल कर्मियों ने काफी मेहनत के बाद लपटों पर काबू पाया।

**लाखों की मशीनें जलकर राख**-राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, प्लांट के अंदर रखी लाखों रुपए की मशीनें और अन्य कीमती सामान जलकर पूरी तरह बर्बाद हो गया। शुरुआती अनुमान के मुताबिक नुकसान काफी बड़ा है।

**बंद पड़ा था प्लांट, शॉर्ट सर्किट का शक**

जानकारी मिली है कि यह कोल्ड स्टोरेज प्लांट पिछले कई दिनों से बंद था, इसलिए हादसे के वक्त वहां कोई कर्मचारी नहीं था। आग लगने की शुरुआती वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर है और आग लगने के असली कारणों की जांच की जा रही है।

# पशु एंबुलेंस से ढोई निजी अलमारी

▶ लोग बोले- यह सरकारी वाहन का दुरुपयोग, डॉक्टर को मिला कारण बताओ नोटिस



**नीमच।** शहर के एलआईसी चौराहे पर शनिवार शाम बेजुबान जानवरों के उपचार के लिए संचालित 1962 मोबाइल वेटरनरी एंबुलेंस का निजी उपयोग किए जाने का मामला सामने आया है। सरकारी एंबुलेंस से लकड़ी की अलमारी उतारने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पशुपालन विभाग ने जांच शुरू कर दी है। विभाग ने संबंधित डॉक्टर और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

**एंबुलेंस से उतारी लकड़ी की अलमारी**-वायरल वीडियो में सरकारी एंबुलेंस (एमपी 02 जेडए 0495) से दवाइयों या मरीजों के स्थान पर भारी लकड़ी की अलमारी निकालते हुए देखा गया है। एंबुलेंस में तैनात स्टाफ ने यह फर्नीचर उतारकर पास ही स्थित 'इंदौर पेट क्लिनिक' के गोदाम में शिफ्ट किया। जानकारी के अनुसार, यह क्लिनिक पशु चिकित्सक डॉ. संदीप शर्मा से संबंधित है।

**उपसंचालक ने दिए जांच के निर्देश**-पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. राजेश पाटीदार ने इस घटना को नियमों का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि सरकारी संसाधनों का निजी लाभ के लिए उपयोग करना पूरी तरह गलत है। डॉ. पाटीदार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग के दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।

**जीपीएस ट्रैकिंग और लॉगबुक की होगी पड़ताल**-विभाग अब इस एंबुलेंस की जीपीएस ट्रैकिंग रिपोर्ट और आधिकारिक लॉगबुक की गहराई से जांच करेगा। पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर यह देखा जा रहा है कि आधिकारिक रिकॉर्ड में इस निजी काम के लिए किए गए फेरे को किस रूप में दर्ज किया गया है। रिकॉर्ड में हेराफेरी मिलने पर दोषियों का वेतन काटने की तैयारी की जा रही है।

**पशुपालकों में नाराजगी और सवाल**

स्थानीय पशुपालकों ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि एक ओर घायल पशुओं के लिए फोन करने पर एंबुलेंस घंटों देरी से पहुंचती है, वहीं दूसरी ओर इसका उपयोग निजी सामान ढोने में किया जा रहा है।

**एक नजर** ▶ आज मनाई जाएगी शब-ए-कद्र की मुकद्दस रात, मस्जिदों में होगी विशेष इबादत

# मुस्लिम समाजजन कब्रिस्तान जाकर करेंगे मरहूमों के लिए दुआ

**नीमच।** रमजान महीने की सबसे पवित्र और मुकद्दस रात लैलतुल कद्र (शब-ए-कद्र) इस वर्ष 16 मार्च सोमवार को मनाई जाएगी। इस रात का इस्लाम धर्म में विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इसी पवित्र रात में कुरआन शरीफ का नाज़िल होना मुकम्मल हुआ था, इसलिए इस रात को हजारों रातों से बेहतर बताया गया है।

शब-ए-कद्र के अवसर पर सभी मस्जिदों में विशेष नमाज़ अदा की जाएगी। तरावीह की नमाज़ के बाद धार्मिक आयोजन होंगे तथा मस्जिदों और घरों में पूरी रात इबादत की जाएगी। मुस्लिम समाज के लोग इस पावन अवसर पर कब्रिस्तान जाकर अपने दिवंगत परिजनों (मरहूमों) के लिए दुआ-ए-मगफिरत करेंगे। दरगाहों पर फूल और इत्र पेश कर उनके लिए दुआ की जाएगी तथा दान-पुण्य भी किया जाएगा।

इस मौके पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में पूरी रात रौनक रहेगी। कई मस्जिदों में तबर्रुक का वितरण किया जाएगा तथा मिठाई और अजवाइन भी बांटी जाएगी। इस समय रमजान-उल-मुबारक का आखिरी अशरा चल रहा है। हाल ही में जुमातुल विदा अदा की गई, जिसे रमजान का आखिरी जुम्मा कहा जाता है। इस दिन मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी और विशेष व्यवस्थाएं की गईं।



रमजान के महीने के समाप्त होते ही पूरी दुनिया में ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा। रमजान के महीने में एक ऐसी रात होती है जिसे खुदा ने हजारों रातों से ज्यादा बेहतर बनाया है, उसी को शब-ए-कद्र कहा जाता है।

शेख सैय्यद पठान कमेटी के सदर सलीम खान ने बताया कि शब-ए-कद्र रमजान की 21वीं, 23वीं, 25वीं या 27वीं रातों में से कोई एक होती है। माना जाता है कि इसी रात अल्लाह ने कुरआन पाक नाज़िल किया था, इसलिए यह रात विशेष इबादत की रात मानी जाती है। हालांकि यह निश्चित नहीं है कि शब-ए-कद्र किस रात होती है, लेकिन इस रात मांगी गई दुआ के कबूल होने की विशेष मान्यता है।

इस पवित्र महीने में इंसानियत और मानव कल्याण के लिए दुआएं मांगी जाती हैं। कई लोग रमजान के आखिरी दस दिनों में एतिकाफ में बैठते हैं, जिसमें वे एकांत में रहकर इबादत करते हैं और ईद का चांद दिखाई देने के बाद ही बाहर निकलते हैं इस्लाम धर्म में रमजान के अंतिम दस दिनों को विशेष महत्व दिया गया है। एतिकाफ के दौरान लोग समाज की तरक्की, बरकत, स्वास्थ्य और मानवता के कल्याण के लिए दुआएं करते हैं।